दिनांकः 18.03.2026 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 345 करोड़ रुपये की लागत के 86 औद्योगिक विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया– औद्योगिक विकास के लिए तीन महत्वपूर्ण नीतियां भी जारी।
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश भर में एक सौ **'प्लग–एंड–प्ले'** औद्योगिक पार्क विकसित करने के लिए योजना को मंजूरी दी।
- राज्य में मौसम में बदलाव से कई इलाकों में आंधी और हल्की बारिश।
- प्रदेश में कल चैत्र प्रतिपदा से हिन्दू नववर्ष की शुरूआत–घट स्थापना के साथ ही नवरात्रि के विशेष पूजा–अर्चना के कार्यक्रम भी कल से।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के औद्योगिक विकास के लिए आज तीन महत्वपूर्ण नीतियों– इंडस्ट्रियल पार्क प्रमोशन, एयरोस्पेस तथा डिफेंस और सेमीकंडक्टर पॉलिसी का शुभारंभ किया। राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में जयपुर में आयोजित **'उद्यमी संवाद'** कार्यक्रम के दौरान उन्होंने 345 करोड़ रुपये की लागत के 86 औद्योगिक विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार नीति आधारित शासन में विश्वास रखती है, ताकि उद्यमियों को पारदर्शिता और सुगमता मिले। उन्होंने बताया कि निवेशकों के सुझाव पर अमल करते हुए भूमि उपयोग परिवर्तन की अनुमति की समय सीमा 60 दिन से घटाकर 30 दिन कर दी गई है। राज निवेश पोर्टल अब राष्ट्रीय सिंगल विंडो सिस्टम से जुड़ चुका है, जहाँ 14 विभागों की 143 से अधिक सेवाएँ एक ही मंच पर उपलब्ध हैं। श्री शर्मा ने बताया कि पिछले दो वर्षों में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों की स्थापना में पाँच गुना वृद्धि हुई है और रीको द्वारा आवंटित भूखंडों की संख्या में भी भारी बढ़ोतरी हुई है। मुख्यमंत्री ने बिजली और पानी को औद्योगिक प्रगति की अनिवार्य शर्त बताते हुए ईआरसीपी और सोलर ऊर्जा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र में अब तक 3 लाख युवाओं को रोजगार दिया गया है। श्री शर्मा ने बताया कि बड़ी कंपनियों ने राज्य में ईवी निर्माण में रुचि दिखाई है।

-------------------

000

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश भर में एक सौ **'प्लग–एंड–प्ले'** औद्योगिक पार्क विकसित करने के लिए योजना को मंजूरी दी है। आज नई दिल्ली में आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस योजना का उद्देश्य विश्व स्तरीय औद्योगिक बुनियादी ढांचा तैयार करना और देश की विनिर्माण क्षमता को बढ़ाना है।बैठक में किसानों के हित में भी बड़ा फैसला लेते हुए कपास सीजन के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य को स्वीकृति दी गई है।

इसके अलावा, मंत्रिमंडल ने लघु जल विद्युत विकास योजना को भी मंजूरी दी है, जिसके तहत आगामी वर्षों में अनेक छोटी जल विद्युत परियोजनाएं स्थापित की जाएंगी। इन निर्णयों से देश के औद्योगिक, कृषि और ऊर्जा क्षेत्रों में विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है।

-------------------

000

लोकसभा ने एक राष्ट्र, एक चुनाव से संबंधित विधेयक की समीक्षा कर रही संयुक्त संसदीय समिति का कार्यकाल मानसून सत्र 2026 के अंतिम सप्ताह के पहले दिन तक बढ़ा दिया है। इस विधेयक में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने का प्रस्ताव है। समिति के अध्यक्ष पी.पी. चौधरी ने संविधान (संशोधन) विधेयक, 2024 और केंद्र शासित प्रदेश अधिनियम (संशोधन) विधेयक, 2024 पर संयुक्त समिति का कार्यकाल बढ़ाने का प्रस्ताव रखा था जिसे सदन ने ध्वनि मत से पारित कर दिया।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि महिलाएं अपनी शक्ति का उपयोग राष्ट्र के विकास में करें। आज जयपुर में एक निजी यूनिवर्सिटी के 11वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही। राज्यपाल ने इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी को सामाजिक और सामुदायिक सेवा में विशिष्ट योगदान के लिए डी.लिट. की मानद उपाधि से सम्मानित किया। अपने संबोधन में राज्यपाल ने नई शिक्षा नीति पर जोर देते हुए कहा कि यह पद्धति भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा को पुनर्जीवित करने का माध्यम है। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए बालिका शिक्षा को राष्ट्र के विकास का मुख्य आधार बताया।

000

नागर विमानन मंत्रालय ने विभिन्न एयरलाइंस को यात्री सुविधाओं और कार्य प्रणालियों को मजबूत करने के बारे में दिशा–निर्देश जारी किए हैं। इसके अनुसार किसी भी उड़ान में कम से कम 60 प्रतिशत सीटें निःशुल्क आवंटित करना शामिल है ताकि सभी को समान रूप से सीटें मिल सकें। मंत्रालय ने यह भी निर्देश दिया कि एक ही पीएनआर पर यात्रा करने वाले यात्रियों को आस–पास की सीटों पर एकसाथ बैठाया जाना चाहिए। इसके साथ ही पालतू जानवरों को ले जाने के लिए स्पष्ट और पारदर्शी नीति लाई जाएगी। इस बीच, सरकार ने यात्रियों के अधिकारों विशेषकर उड़ानों में देरी होने, इसके रद्द होने और विमान पर सवार होने से रोके जाने के मामलों में भी कड़े नियमों का निर्देश दिये हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए वंदे भारत ट्रेनों में कई उन्नत सुरक्षा सुविधाएं प्रदान की गई हैं। आज लोकसभा में पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए श्री वैष्णव ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस में एंटी–क्लाइम्बिग सुविधाएँ शामिल की गई हैं। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ट्रेन में स्वदेश में विकसित स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली कवच लगाई गई है। श्री वैष्णव ने राज्यों से रेलवे परियोजना को समय पर पूरा करने के लिए सक्रिय कदम उठाने की अपील भी की।

---------------

000

प्रदेश में मौसम में आए बदलाव के कारण आज कई स्थानों पर आंधी और हल्की बारिश के समाचार हैं। हनुमानगढ में ठंडी हवाएं चलने से तापमान में गिरावट दर्ज की गयी। बाड़मेर में बादल छाये रहने के बाद शाम को आंधी चली। पाली में शाम को आंधी चलने और बादल छाने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। कोटपूतली बहरोड़ में तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी हुई। बालोतरा में आंधी चली वहीं चूरू में हल्की बारिश के समाचार हैं। सीकर, झुंझुनू, चुरू, बीकानेर तथा नागौर जिलों में भी तेज हवाएं चलने तथा कहीं कहीं हल्की से मध्यम बारिश के समाचार हैं। मौसम में आये बदलाव से कई स्थानों पर तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम में बदलाव आया है। उन्होंने बताया कि अगले तीन दिन आंधी–बारिश और कहीं कहीं ओलावृष्टि के भी आसार हैं।

----------------

000

कल चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से हिन्दू नववर्ष विक्रम सम्वत 2083 का शुभारंभ हो रहा है। कल से ही चैत्र नवरात्र भी शुरू हो रहे हैं। इसके साथ ही घरों और मन्दिरों में घट स्थापना कर नौ दिनों तक मां दुर्गा के विभिन्न स्वयपों की आराधना की जाएगी। विभिन्न स्थानों पर मेले भी भरेगें।
हनुमानगढ जिले के मां भद्रकाली मन्दिर और पल्लू कस्बे के मां ब्राहमणी के प्रसिद्ध मेलों का भी कल से आगाज हो रहा है। भरतपुर में देवी मन्दिरों में विशेष सजावट की गई। उधर करौली से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले के कैला देवी में चल रहे चैती नवरात्र मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड रही है।

--------------------

राज्यपाल हरिभाउ बागडे और विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने ने चैत्र प्रतिपदा पर नव संवत्सर 2083 और चैत्र नवरात्रि पर सभी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। नव संवत्सर के अवसर पर कल राजस्थान दिवस भी मनाया जायेगा। राजस्थान दिवस के अवसर पर कल शाम जयपुर के अलबर्ट हॉल पर ग्रांड कल्चरल इवनिंग रखी गयी है। इस कार्यक्रम में पदम श्री अनवर खान मांगणियार समेत सैंकडों लोक कलाकर प्रस्तुति देंगे।

000